Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

كُنْتُمْ خَيْرَ اُمَّةٍ اُخْرِجَتْ لِلنَّاسِ تَاْمُرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ وَتَنْهَوْنَ عَنِ الْمُنْكَرِ وَتُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ ۝

(सूरत आले-इम्रान आयत :111)

अनुवाद: तम बेहतरीन उम्मत हो जो समस्त इन्सानों के लाभ के लिए निकाली गई है तुम अच्छी बातों का आदेश देते हो और बुरी बातों से रोकते हो। और अल्लाह पर ईमान लाते हो।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 32

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

6 ज़िल्हज्ज 1440 हिजरी कमरी 8 वफा 1397 हिजरी शमसी 8 अगस्त 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

ख़ुदा के लिए अक्ल से काम लो और इस लिए के अक्ल में तेज़ी और ज़हानत पैदा हो सच्चे और मुत्तकी बनो पवित्र अक्ल आसमान से आती है और अपने साथ एक नूर लाती है आकाशीय नूर उतरता है और वे दिलों को रोशन किया चाहता है और इस को स्वीकार करने और उस से लाभ उठान के लिए तय्यार हो जाओ।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

सच्चे और मुत्तक़ी बनो ताकि अक़्ल में नवीनता और ज़हानत पैदा हो

ज़रा समझो और सोचो। ख़ुदा के लिए अक़्ल से काम लो और इसलिए कि अक़्ल में नवीनता और ज़हानत पैदा हो। सच्चे और मुत्तक़ी बनो। पाक अक़्ल आसमान से आती है और अपने साथ एक नूर लाती है लेकिन वह काबिल जौहर की तलाश में रहती है। इस पाक सिलसिला का क़ानून वही क़ानून है जो हम जिस्मानी क़ानून में देखते हैं। बारिश आसमान से पड़ती है लेकिन कोई जगह इस बारिश से गुलज़ार होती है और कहीं कांटे और झाड़ियाँ ही उगती हैं और कहीं वही क़तरा बारिश का समुंद्र की तह में जा कर एक नायाब मोती बनता है। किसी के कथन के अनुसार

दर बाग़ लाला रुवीद व दर शोरह बूम ख़स

(वह बाग़ में तो फूल उगाती है और बंजर धरती पर घांस फूस)

अगर ज़मीन क़ाबिल नहीं होती तो बारिश का कुछ भी फ़ायदा नहीं पहुंचता बल्कि उल्टा हानि और नुक़्सान होता है। इसलिए आसमानी नूर उतरता है और वह दलों को रोशन किया चाहता है। इस के क़बूल करने और इस से फ़ायदा उठाने को तैयार हो जाओ ताकि ऐसा ना हो कि बारिश की तरह कि जो ज़मीन क़ाबिल जौहर नहीं रखती वह इस को नष्ट कर देती है। तुम भी बावजूद नूर के होते अन्धेरे में चलो और ठोकर खा कर अंधे कुँवें में गिर कर हलाक हो जाओ। अल्लाह तआला मेहर-बान माता से भी बढ़कर मेहरबान है। वे नहीं चाहता कि इस की मख़लूक़ नष्ट हो। वह हिदायत और रोशनी की राहें तुम पर खोलता है मगर तुम उन पर क़दम मारने के लिए अक़्ल और नफसों के तज़किया से काम लू। जैसे ज़मीन कि जब तक हल चला कर तैयार नहीं की जाती , बीज रोपण इस में नहीं होता। इसी तरह जब तक मुजाहिदा और रियाज़त से नफ़सों की पवित्रता नहीं होती पाक अक़्ल आसमान से उतर नहीं सकती।

इस ज़माना में ख़ुदा ने बड़ा फ़ज़ल किया और अपने धर्म और नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के समर्थन में ग़ैरत खा कर एक इन्सान को जो तुम में बोल रहा है भेजा ताकि वह इस रोशनी की तरफ़ उनको बुलाए। अगर ज़माना में ऐसा फ़साद और फ़ित्ना ना होता और धर्म के समाप्त करने के लिए जिस किस्म की कोशिशें हो रही हैं ना होतीं तो कोई हर्ज ना था मगर अब तुम देखते हो कि हर तरफ़ दाएं तथा बाएं इस्लाम ही को समाप्त करने की फ़िक्र में कौमें लगी हुई हैं। मुझे याद है और बराहीन अहमदिया में भी मैंने ज़िक्र किया है कि इस्लाम के ख़िलाफ़ छ: करोड़ किताबें लिखी और संकलन हो कर प्रकाशित की गई हैं। अजीब बात है कि हिन्दुस्तान के मुसलमानों की संख्या भी छ: करोड़ और इस्लाम के ख़िलाफ़ किताबों की गिनती भी इसी क़दर। अगर इस ज़्यादा तादाद को जो अब तक इन पुस्तकों में हुई है छोड़ भी दिया जाए तो भी हमारे विरुद्ध एक एक किताब हर एक मुसलमान के हाथ में दे चुके हैं। अगर अल्लाह तआला का जोश ग़ैरत ना होता और اِنَّا لَهٗ لَحٰفِظُوْنَ (अल्हिज्र :10) उस का वादा सच्चा ना होता तो यक़ीनन समझ लो कि इस्लाम आज दुनिया से उठ जाता और इस का नाम तथा निशान तक मिट जाता। मगर नहीं ऐसा नहीं हो सकता। ख़ुदा का छुपा हुआ हाथ उस की हिफ़ाज़त कर रहा है। मुझे अफ़सोस और दु:ख इस बात का होता है कि लोग मुसलमान कहला कर नाते ब्याह के बराबर भी तो इस्लाम का फ़िक्र नहीं करते और मुझे अक्सर बार पढ़ने का संयोग हुआ है कि ईसाई औरतों तक मरते वक़्त लाखों रुपया ईसाई दीन की प्रचार और प्रसार के लिए वसीयत कर मरती हैं और उनका अपनी ज़िन्दगियों को ईसाईयत के प्रकाशन में व्यतीत करना तो हम रोज़ देखते हैं। हज़ारों लेडी मिश्नरीज़ घरों और गलियों में फुर्ती और जिस तरह बन पड़े नक़द ईमान छीनती फिरती हैं। मुसलमानों में से किसी एक को नहीं देखा कि वह पच्चास हज़ार रुपया भी इस्लाम के इशाअत लिए वसीयत कर मरा हो। हाँ शादियों और दुनियावी रस्मों पर तो बेहद खर्च होते हैं और क़र्ज़ लेकर भी दिल खोल के फ़ुज़ूल ख़र्चीयाँ की जाती हैं। मगर ख़र्च करने के लिए नहीं तो इस्लाम के लिए नहीं। अफ़सोस ! अफ़सोस !! इस से बढ़कर और मुसलमानों की रहम योग्य हालत क्या होगी?

शेष पृष्ठ 12 पर

125 वां
जलसा सालाना क़ादियान
दिनांक 27, 28, 29 दिसम्बर 2019 ई. को आयोजित होगा

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने 125 वें जलसा सालाना क़ादियान के लिए दिनांक 27, 28 और 29 दिसम्बर 2019 ई.(जुम्अ:, हफता व इतवार) की स्वीकृति दी है। जमाअत के लोग अभी से इस शुभ जलसा सालाना में उपस्थित होने की नीय्यत करके दुआओं के साथ तैयारी आरम्भ कर दें। अल्लाह तआला हम सब को इस ख़ुदाई जलसे से लाभ उठाने की क्षमता प्रदान करे। इस जलसा सालाना की सफलता व बा-बरकत होने के लिए इसी तरह यह जलसा लोगों के लिए मार्ग दर्शन हो इसके लिए विशेष दुआएँ जारी रखें। धन्यवाद

(नाज़िर इस्लाह व इरशाद मरकज़िया, क़ादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर, अक्तूबर 2018 ई (भाग-4)

फ़िलाडेल्फ़िया से रवानगी और बाल्टीमोर में आना,मस्जिद बैतुल समद बाल्टीमोर का निरीक्षण तथा उद्घाटन आयोजन,नमाज़ जनाज़ा हाज़िर,प्रैस कान्फ्रैंस, सैनेटर Hon. Ben Cardin और बाल्टीमोर के अन्य सम्मान्नीय की सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ से मुलाक़ात

मैं आपको पूर्ण विश्वास से कह सकता हूँ कि इन्शा अल्लाह यह मस्जिद अमन की निशानी बन कर उभरेगी और इस से जो प्यार, मुहब्बत, भाईचारा फूटेगा वह इस पूरे शहर बल्कि इस से भी आगे जाएगा, यह एक ऐसा मीनार बनेगी जो चारों तरफ रोशनी फैलाएगी

यह ऐसा अमन का स्थान होगी जहां इकट्ठे हो कर इबादत करने वाले अपने पड़ोसियों से हुस्न-ए-सुलूक करेंगे और उनके हुक़ूक़ अदा करेंगे। यह इस्लाम की रोशन शिक्षा को ज़ाहिर करेगी और सारे भय और चिन्ताओं को दूर कर देगी जो हमारे मज़हब के बारे में पाए जाते हैं

यद्यपि यह दावे करना आसान है लेकिन जल्द ही आप मेरे इन दावों की ख़ुद तस्दीक करेंगे कि अहमदी मुसलमान वही करते हैं जिसकी वे तब्लीग़ करते हैं ओर वे इस्लाम की अमन वाली शिक्षा का सिर्फ दावा ही नहीं करते बल्कि उसे मुक़द्दम भी रखते हैं

मस्जिद बैतुल समद(बाल्टीमोर, अमरीका) के उद्घाटन के अवसर पर सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमेनीन अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का ईमान वर्धक ख़िताब

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

मस्जिद बैतुलसमद बाल्टीमोर में तशरीफ लाना

1 बजकर 50 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की मस्जिद बैतुल समद तशरीफ़ लाए। हुज़ूर अनवर पहले मिशन हाऊस के रिहायशी हिस्सा में तशरीफ़ ले आए। यह यहां के मुबल्लिग़ सिलसिला का घर है। यहां अस्थायी स्थापना का प्रबंध किया गया था। अढ़ाई बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ मस्जिद बैतुल समद तशरीफ़ लाए जहां जमाअत के लोगों मर्दो औरतों की एक बड़ी संख्या ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का भरपूर स्वागत किया। पुरजोश अंदाज़ में नारे बुलंद किए। बच्चों और बच्चियों के ग्रुपस ने स्वागत गीत पेश किए। जमाअत बाल्टीमोर के लिए आज का दिन किसी ईद से कम नहीं था। आज का मुबारक दिन उनके लिए बहुत ख़ुशियां और बरकतें लेकर आया था। हुज़ूर अनवर के मुबारक क़दम उनकी ज़मीन पर पहली बार पड़ रहे थे। मर्द औरत, बच्चे बच्चियां सुबह से ही अपने प्यारे आक़ा के स्वागत के लिए जमाअत के सैंटर मस्जिद बैतुल समद पहुंचना शुरू हो गए थे। बाल्टीमोर की स्थानीय जमाअत के अतिरिक्त इर्दगिर्द की जमाअतों से लोगों बड़ी संख्या से पहुंचे थे। कुछ लोग तो बड़ी दूर की जमाअतों से दो-दो तीन तीन हज़ार मील का बड़ा लंबा सफ़र तय करके आए थे। हुज़ूर अनवर का स्वागत करने वालों की संख्या एक हज़ार आठ सौ के लगभग थी। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपना हाथ बुलंद करके उनके नारों का जवाब दे रहे थे।

मस्जिद बैतुल समद का निरीक्षण तथा उद्घाटन

हुज़ूर अनवर ने मस्जिद की बाहरी दीवार में लगी तख़्ती की निक़ाब कुशाई फ़रमाई और दुआ करवाई। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ मस्जिद से जुड़ी हुई लॉबी में तशरीफ़ ले आए और तस्वीरों की नुमाइश का निरीक्षण फ़रमाया। इस लॉबी में विभिन्न हिस्सों में दीवार पर तस्वीरें लगाई गई हैं। तस्वीरों की इस नुमाइश के पाँच हिस्से हैं। पहला हिस्सा मस्जिद बैतुल समद की तस्वीरों और अमरीका में क़ायम होने वाली कुछ दूसरी मस्जिद की तस्वीरों पर आधारित है।

दूसरा हिस्सा दुनिया-भर में जमाअत अहमदिया की बुनियाद होने वाली कुछ मस्जिद की तस्वीरों पर आधारित है। तीसरा हिस्सा जमाअत अहमदिया अमरीका का संक्षिप्त इतिहास इसी तरह जमाअत अहमदिया अमरीका के सेवा के प्रोग्रामों की तस्वीरों पर आधारित है। चौथा हिस्सा ख़ुलफ़ाए अहमदियत के अमरीका के दौरों पर जबकि पांचवां हिस्सा हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ से विभिन्न जातियों और देशों के लीडरों की मुलाक़ात और हुज़ूर अनवर के विभिन्न देशों में सम्बोधनों की तस्वीरों पर आधारित है।

नुमाइश के निरीक्षण के दौरान ही बाल्टीमोर में रहने वाले एक पुराने अफ्रीकन अमरीकन अहमदी ने हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात का अवसर प्राप्त किया। महोदय ने 1960 ई में बैअत की थी। महोदय ने इस साल जलसा सालाना यूके पर आने का प्रोग्राम बनाया था ताकि ज़िन्दगी में एक बार हुज़ूर अनवर से मिल सकें लेकिन अपनी बीमारी और तकलीफ़ के कारण सफ़र के योग्य ना हो सके। आज अल्लाह तआला ने उनकी इच्छा उनके घर में पूरी कर दी। महोदय बहुत ख़ुश थे और उनकी आँखें आंसूओं से भरी हुई थीं।

इस के बाद हुज़ूर अनवर मस्जिद के मर्दाना हाल में तशरीफ़ ले आए और निरीक्षण फ़रमाया। इस के बाद हुज़ूर अनवर ने किचन और डाइनिंग हाल का भी निरीक्षण फ़रमाया। आख़िर पर हुज़ूर अनवर ने मस्जिद के बाहरी हिस्सा का भी निरीक्षण फ़रमाया और सदर साहिब जमाअत बाल्टीमोर डाक्टर फ़हीम यूनुस क़ुरैशी साहिब से इस तामीर पर होने वाले खर्चों के बारे में से पूछा। जिस पर महोदय ने निवेदन किया कि चर्च की इमारत की ख़रीद और उसकी रिनोवेशन करके मस्जिद की इमारत में तबदील करने पर बीस लाख डालर के लगभग ख़र्च हुए हैं। इस के बहुत से हिस्से तबदीली की सूरत में नए सिरे से बुनियाद हुए हैं।

यह इमारत अगस्त 2015 ई में ख़रीदी गई। जनवरी 2017 ई से नवंबर 2017 ई तक उसे रिनोवेट करके और कुछ हिस्से नए सिरे से बुनियाद करके मस्जिद की शक्ल में तबदील किया गया।

मस्जिद का कल छत वाला हिस्सा 13 हज़ार वर्ग फुट पर आधारित है। मर्दों और औरतों के नमाज़ पढ़ने के अलग अलग हाल हैं जिनमें चार सौ के लगभग लोग नमाज़ पढ़ सकते हैं। दो डाइनिंग क्षेत्र भी मौजूद हैं। दफ़्तर भी बनाए गए हैं। उनके अतिरिक्त दो कान्फ्रैंस रुम भी हैं । इस मस्जिद में दो लाइब्रेरियां स्थापित की गई हैं । एक कमर्शियल किचन मौजूद है। इस के अतिरिक्त एक रैगूलर किचन भी है। चार क्लास रूमज़ भी हैं जहां बच्चों की तालामी तरबियती कक्षाएं होती हैं। एक उच्च स्तर का आडियो वीडियो सिस्टम भी मस्जिद में लगाया गया है। इतफ़ाल तथा नासरात के लिए बिल्डिंग के अंदर खेलने की सुविधा भी उपलब्ध की गई है।

शेष पृष्ठ 7 पर

ख़ुत्बः जुमअः

इन तीन दिनों में खासतौर पर दुनिया की मुहब्बत बिलकुल ठंडी करनी होगी

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि मेरी जमाअत में गिने जाने के लिए, अल्लाह तआला की मुहब्बत हासिल करने के लिए, इस के फ़ज़्लों का वारिस बनने के लिए, अल्लाह तआला के लुतफ़ तथा एहसान को हासिल करने के लिए हर पक्ष से और हर पहलू से अपनी व्यावहारिक हालतों को ठीक करने की ज़रूरत है और ये जलसे के आयोजन इसी उद्देश्य के लिए किए गए हैं कि नेकियों की अदायगी की तरफ़ ध्यान पैदा हो।

हमारे हर कर्म में ख़ुदा तआला की रज़ा के प्राप्ति की झलक नज़र आनी चाहिए

हमें ये दुआएं करनी चाहिऐं कि हम उन लोगों में शामिल ना हों जिनसे ख़ुदा तआला राज़ी नहीं बल्कि उन लोगों में शामिल हूँ जिनका ज़िक्र ख़ुदा तआला फ़रमाता है।

ख़ुदा तआला से हम दृढ़ सम्बन्ध जोड़ने वाले हों, अपने दिलों के अंधेरों को मिटाने वाले हों

अल्लाह तआला उसे बे-इंतिहा नवाज़ता है जो अपने भाई से ख़ुदा तआला के लिए मुहब्बत करता है,अतः इन दिनों को आपस की रंजिशों को दूर करने का माध्यम भी बनाएँ।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने जलसा सालाना को भी शाइरुल्लाह में शामिल फ़रमाया है

दुनिया को ये बताएं कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आकर हमारी रुहानी और अख़लाक़ी हालतों में एक इन्क़िलाबी त्बदीली हुई है

ओहदेदारों की ये विशेष ज़िम्मेदारी है कि उनमें बर्दाश्त का माद्दा अधिक होना चाहिए। ओहदेदार अपने आपको हर हाल में ख़ादिम समझें और जमाअत के लोगों और जलसा में शामिल होने वाले ओहदेदारों को निज़ाम जमाअत का नुमाइंदा समझें।

असल चीज़ ओहदा नहीं बल्कि असल चीज़ अपनी बैअत के हक़ को अदा करना है

आपने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को माना, यह पहला क़दम है यह इंतिहा नहीं है,उसकी इंतिहा की प्राप्ति के लिए इस शिक्षा पर अनुकरण करना ज़रूरी है जो आपको दी गई।

हमेशा याद रखना चाहिए कि हर अहमदी के चेहरे के पीछे अहमदियत का चेहरा है, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का चेहरा है, इस्लाम का चेहरा है अतः हर अहमदी की ज़िम्मेदारी है कि इन चेहरों की हिफ़ाज़त करे।

जलसा सालाना जर्मनी के आरम्भ पर हज़रत अक़्दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की वर्णन की गई शिक्षाओं पर अनुकरण करते हुए जलसा सालाना के उद्देश्य तथा लक्ष्यों को पूरा करने की नसीहत।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 5 जुलाई 2019 ई. स्थान - DM-Arena, कालसरोए (जलसागाह), जर्मनी

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

ख़ुत्बा के आरम्भ में हुज़ूर अनवर ने मुंतज़मीन जलसा से पूछा : आख़िर तक ठीक आवाज़ आ रही है? आपका इंतिज़ाम है, चैक किया है?

इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने इरशाद फ़रमायाः अल्लाह तआला के फ़ज़्लों और इनामों में से जो हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आकर मिले एक यह भी है और यह बहुत बड़ा फ़ज़्ल और इनाम है जो हमें जलसा सालाना की सूरत में मिल रहा है ताकि हम अपनी रुहानी और अख़लाक़ी और इलमी बेहतरी के लिए कोशिश कर सकें। अल्लाह तआला का सानिध्य हासिल करने और तक़्वा में बढ़ने के सामान कर सकें। एक दूसरे के हुक़ूक़ अदा करने के लिए अपने दिलों को साफ़ करें और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के जलसा की स्थापना के मक़सद को पूरा करने की कोशिश कर सकें। आपस में रंजिशों और दूरियों को सुलह और क़ुरब में बदलने की कोशिश करें। अपने आपको व्यर्थ बातों से पाक करने की कोशिश करें। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने ये सारी बातें जलसा के आयोजन के मक़सद में बयान फ़रमाई हैं

अहमदियों की एक बहुत बड़ी संख्या सारा साल जलसा सालाना का इंतज़ार करती है और कैलंडर का अगला साल शुरू होते ही इस इंतज़ार में और जलसा के आयोजन के शौक़ में अधिक तेज़ी आ जाती है। यहां के रहने वालों को भी इंतज़ार होता है जो यहां एक अर्से से रह रहे हैं और खासतौर पर उनको तो बहुत इंतज़ार होता है जो पाकिस्तान से नए नए यहां आते हैं और अपने हालात की वजह से यहां असाइलम भी लेते हैं। क्योंकि वे क़ानूनी पाबंदियों की वजह से वहां तो जलसा आयोजित नहीं कर सकते और एक अर्से से उनको यह पता ही नहीं कि जलसा सालाना क्या चीज़ है और अब उस की संख्या भी सैंकड़ों से हज़ारों में हो गई है और बढ़ती जा रही है। इसी तरह बाहर के देशों से सिर्फ जलसा में शामिल होने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है और काफ़ी संख्या में अब लोग जर्मनी में भी आ रहे हैं। इस साल तो अफ़्रीक़ा के भी कुछ देशों के कुछ लोग जलसा पर आए हैं जिनमें स्थानीय लोग भी शामिल हैं। जलसा में शामिल होने का शौक़ और जलसा का इंतज़ार इसलिए होता है और होना चाहिए कि जलसा के आयोजन के मक़सद को हासिल करने की कोशिश करें और जो यह सोच नहीं रखता और इस नीयत से जलसा में शामिल नहीं होता उस का जलसा का इंतज़ार भी फ़ुज़ूल और व्यर्थ है और जलसा में शामिल होना भी फ़ुज़ूल और व्यर्थ बात है। अतः हर शख़्स को जो

जलसा में शामिल हो रहा है, मर्द है या औरत इस बात को सम्मुख रखना चाहिए कि क्या वे ख़ुदा तआला की रज़ा को प्राप्त करने की कोशिश कर रहा है या उस नीयत से जलसा में शामिल हुआ है? तक़्वा में बढ़ने की कोशिश कर रहा है? उच्च आचरण का मुज़ाहरा करते हुए एक दूसरे के हक़ अदा करने की कोशिश कर रहा है या उस सोच के साथ यहां आया है? अगर नहीं तो जैसा कि मैंने कहा कि जलसा में शामिल होना, जलसा पर आना फ़ुज़ूल है और कोई फ़ायदा नहीं देगा। माहौल बे-शक प्रभाव डालता है लेकिन इस माहौल के प्रभाव को क़बूल करने के लिए इन्सान की अपनी कोशिश का भी दख़ल है। अत: इस के लिए हमें कोशिश करनी होगी ताकि इन सारी बातों को पाना संभव हो और अल्लाह तआला के फ़ज़्लों को हम जज़्ब करने वाले हों और फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जलसा पर आने वालों के लिए की गई दुआओं के भी अधिकारी बनें।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने उन लोगों से बेज़ारी का इज़हार फ़रमाया है जो इस सोच के साथ इस जलसा में शामिल नहीं होते और अपने कर्मों को इस के अनुसार नहीं ढालते। आप फ़रमाते हैं कि

"मैं हरगिज़ नहीं चाहता कि हाल के कुछ पीरों की तरह सिर्फ ज़ाहिरी शौकत दिखाने के लिए अपनी बैअत करने वालो को इकट्ठा करूँ बल्कि वे उद्देश्य जिस के लिए मैं रास्ता निकालता हूँ मानव जाति का सुधार है।

(शहादतुल क़ुरआन, रुहानी ख़ज़ायन, जिल्द 6, पृष्ठ 395)

पस आप ने स्पष्ट फ़र्मा दिया कि ज़ाहिरी शान तथा शौकत और दिखावे के लिए लोगों को जमा करना मक़सद नहीं है जिस तरह गद्दी नशीन पीर उर्सों और मेलों के नाम पर लोगों को इकट्ठा कर लेते हैं। बल्कि वह मक़सद जिसके लिए मैंने जलसा का तरीक़ा धारण किया है सिर्फ यह है कि अल्लाह तआला की मख़लूक़ का सुधार हो। वह अल्लाह तआला का हक़ भी अदा करने वाले हों और आपस में एक दूसरे का हक़ भी अदा करने वाले हों। और अपना सुधार ना करने वालों से सिर्फ बेज़ारी का इज़हार नहीं फ़रमाया बल्कि आप ने घृणा का भी इज़हार फ़रमाया है। तीस हज़ार या पैंतीस हज़ार या चालीस हज़ार की भी हाज़िरी हो जाती है तो इस का क्या लाभ है अगर आप की इच्छा को, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की ख़ाहिश को पूरा करते हुए हम बैअत करने के बाद अपने दिल में दुनिया की मुहब्बत लिए बैठे हों और अल्लाह और रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मुहब्बत इस दुनियावी मुहब्बत पर हावी नहीं है। और अल्लाह तआला और इस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आदेशों के अनुसार हम अपनी ज़िंदगियां गुज़ारने वाले नहीं और इन तीन दिनों में भी दुनिया ही हमारे सामने हो। अत: हमें इन बातों पर ध्यान करना चाहिए।

कुछ दिन पहले रमज़ान ख़त्म हुआ है जो एक रुहानी सुधार और तरक़्क़ी का महीना था जिस में ज़ाती इबादतें और रोज़े और ज़िक्र इलाही का मौक़ा हर एक मोमिन को मिला और अब एक और तीन दिन का कैंप है जिस में धार्मिक और इल्मी तरक़्क़ी के अवसर के साथ इबादतों और ज़िक्र इलाही का माहौल है और उन सारी बातों के इज्तिमाई इज़हार का बेहतर मौक़ा है। सब जमा हो कर इबादतों की तरफ़ ध्यान दे रहे हैं, नवफ़िल भी पढ़ते हैं, तहज्जुद पढ़ते हैं और चाहे अपनी अपनी ज़बान में, जो उनके दिल में दुआएं और ज़िक्र इलाही है वे ज़िक्र इलाही कर रहे हों लेकिन पूरा माहौल अगर ज़िक्र इलाही कर रहा है तो वे भी ज़िक्र इलाही का एक सामूहिक रूप है। अगर हम इस से फ़ायदा ना उठाएं तो फिर कब और किस तरह उठाएँगे।

अत: एक बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने हम पर डाली है और अपने मानने वालों से बड़ी आशाएं रखी हैं। ये कोई मामूली बात नहीं है कि इस माहौल का हक़ीक़ी फ़ायदा तभी होगा जब दुनिया की मुहब्बत अल्लाह तआला और इस के रसूल की मुहब्बत के मुक़ाबले में ठंडी हो जाएगी। दुनिया में रहते हुए दुनिया की मुहब्बत को ख़ुदा और इस के रसूल की मुहब्बत के मुक़ाबले में सानवी हैसियत देना यह बहुत बड़ी बात है और यही चीज़ है जो हक़ीक़ी मोमिन बनाती है। इस जलसा के तीन दिनों के बाद दुनिया के काम भी करने हैं। लेकिन इस तरबीयत का और शामिल होने का फ़ायदा तभी होगा कि जब हम दुनिया के कामों के बावजूद धर्म को दुनिया पर प्राथमिकता देंगे। इन तीन दिनों में खासतौर पर दुनिया की मुहब्बत बिलकुल ठंडी करनी होगी।

हम जलसा के दिनों में ये भी यहां देखते हैं कि बाज़ार भी उपलब्ध किए गए हैं, स्टॉल भी लगते हैं और दुनियावी चीज़ों की यहां क्रय तथा विक्रय भी होती है लेकिन जलसा में शामिल होने वाले भी और बाज़ार लगाने वाले भी इस बात का ख़्याल रखें कि बाज़ारों में फिरना और शॉपिंग करना और अपनी चीज़ों पर लाभ हासिल करने की कोशिश करना दुनियादारी है। इसलिए ख़रीदार भी और दुकानदार भी इस से बचें और जलसा के जो लोग हैं ये दोनों खासतौर पर जलसा की कार्रवाई ध्यान से सुनें और इस के बाद वक़्फ़ों में दोनों का हक़ है, दोनों को इजाज़त है कि बाज़ारों में जाएं लेकिन फिर बाज़ार का हक़ अदा करने की कोशिश करें और बाज़ारों के हक़ यह हैं कि वहां चलते फिरते एक दूसरे को सलाम करें। ज़िक्र इलाही में व्यस्त रहें। दुकानों पर किसी ख़ास चीज़ को देखने के बाद भीड़ कर के धक्कम पेल ना करें। दुकानदार उचित लाभ से अपनी चीज़ें बेचें। किसी की मजबूरी समझ कर नाजायज़ लाभ ना कमाएं। बाज़ारों में भी जैसा कि मैंने कहा ज़िक्र इलाही निरन्तर करते रहें। जो दुकानदार हैं वे भी इस दौरान में (ज़िक्र इलाही) भी करते रहीं। यह ज़ाहिरी शक्ल में हम धारण करेंगे तो हमारे दिलों की हालत भी बदलेगी और हमारे अंदर तक़्वा भी पैदा होगा, अल्लाह तआला की मुहब्बत भी पैदा होगी। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम हमारे अन्दर नेकियां पैदा करने और तक़्वा का स्तर बुलंद करने के लिए और अधिक फ़रमाते हैं कि

"ख़ुदा तआला ने जो इस जमाअत को बनाना चाहा है तो इस से उद्देश्य यही रखी है कि वह वास्तविक मार्फ़त जो दुनिया से समाप्त हो गई थी और वह हक़ीक़ी तक़्वा तथा पवित्रता जो इस ज़माना में पाई नहीं जाती थी उसे दुबारा क़ायम करे।

(उद्धरित मलफ़ूज़ात, जिल्द 7, पृष्ठ 277-278)

फिर आप एक अवसर पर हमें अपने तक़्वा के स्तर बुलंद करने की नसीहत करते हुए फ़रमाते हैं कि

हे वे समस्त लोगो! जो अपने आप को मेरी जमाअत गिनते हो। आसमान पर तुम उस वक़्त मेरी जमाअत शामिल किए जाओगे जब सचमुच तक़्वा की राहों पर क़दम मरोगे।

(किश्ती नूह, रुहानी ख़ज़ायन, जिल्द 19 ,पृष्ठ 15)

फिर एक जगह अल्लाह तआला की महानता और मुहब्बत दिलों में पैदा करने की तरफ़ ध्यान दिलाते हुए आप फ़रमाते हैं कि

"ख़ुदा की महानता अपने दिलों में बिठाओ। और इस की तौहीद का इक़रार ना सिर्फ ज़बान से बल्कि व्यावहारिक तौर पर करो ताकि ख़ुदा भी व्यावहारिक तौर पर अपना लुतफ़ तथा एहसान तुम पर ज़ाहिर करे।

(अल्वसीयत, रुहानी ख़ज़ायन, जिल्द 20, पृष्ठ 308)

अत: ये बातें हैं जिन्हें हमें हर वक़त अपने सामने रखना चाहिए कि किस तरह हम ने हक़ीक़ी तक़्वा पैदा करना है। किसी एक नेकी को करना तक़्वा नहीं है बल्कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने एक जगह यह भी फ़रमाया है कि समस्त प्रकार की नेकियां करो, ख़ुदा तआला और इस के बंदों के समस्त प्रकार के हुक़ूक़ अदा करना वास्तविक तक़्वा है।(उद्धरित ज़मीमा बराहीन अहमदिया हिस्सा 5, रुहानी ख़ज़ायन, जिल्द 21 ,पृष्ठ 210)इस लिहाज़ से अगर हम जायज़ा लें तो ख़ुद ही हमारे सामने हमारी हालतों की जो सूरत बनती है वह आ जाएगी।

कुछ लोग बाहर जमाअती कामों में अच्छे हैं तो घरों में बीवी बच्चे उनसे तंग आए हुए हैं। कुछ घरों के हक़ अदा कर रहे हैं तो अल्लाह तआला के हक़ और इस की इबादत की तरफ़ ध्यान नहीं है। इस किस्म की शिकायतें मिलती हैं। कुछ बज़ाहिर इबादत करने वाले हैं तो समाज के आपस के मामलों में एक दूसरे का हक़ मारने वाले हैं। कुछ दुनिया वालों के सामने कुछ नेकियां करने वाले हैं तो सिर्फ दिखावे के लिए और भूल जाते हैं कि अल्लाह तआला हमारी नीयतों को भी जानता है और वह हमें हर हाल में देख रहा है। अत: हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि मेरी जमाअत में गिने जाने के लिए, अल्लाह तआला की मुहब्बत हासिल करने के लिए, उस के फ़ज़्लों का वारिस बनने के लिए, अल्लाह तआला के लुतफ़ तथा एहसान को हासिल करने के लिए हर तरफ से और हर पहलू से अपनी व्यावहारिक हालतों को ठीक करने की ज़रूरत है और ये जलसा के आयोजन इसी उद्देश्य के लिए किए गए हैं कि नेकियों की अदायगी की तरफ़ ध्यान पैदा हो। और जो तक़रीर करने वाले हैं वे भी अपनी तक़रीरों में इस तरफ़ ध्यान दिलाते रहें। हमें एक माहौल में रखकर इस तरफ़ ध्यान दिलाई जाती रहे कि हमारे हर कर्म में ख़ुदा तआला की रज़ा के हुसूल की झलक नज़र आनी चाहिए। इस मक़सद को हासिल करने के लिए एक अवसर पर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कहा

"याद रखो कि कामिल बंदे अल्लाह तआला के वही होते हैं जिनके बारे में फ़रमाया है

لَا تُلْهِيهِمْ تِجَارَةٌ وَّلَا بَيْعٌ عَنْ ذِكْرِ اللّٰهِ

(अन्नूर:38)अर्थात जिन्हें ना कोई तिजारत ना ख़रीद तथा फ़रोख़्त अल्लाह के ज़िक्र से ग़ाफ़िल रखती है। फ़रमाया कि जब दिल ख़ुदा के साथ सच्चा सम्बन्ध और इशक़ पैदा कर लेता है तो वह इस से अलग होता ही नहीं। इस की एक कैफ़ीयत आप फ़रमाते हैं कि इस तरह ,इस तरीक़ पर समझ में आ सकती है कि जैसे किसी का बच्चा बीमार हो तो चाहे वह कहीं जाए,किसी काम में व्यस्त हो मगर उस का दिल और ध्यान उसी बच्चा में रहेगा। इसी तरह पर जो लोग ख़ुदा तआला के साथ सच्चा सम्बन्ध और मुहब्बत पैदा करते हैं वे किसी हाल में भी ख़ुदा तआला को फ़रामोश नहीं करते।

(मल्फ़ूज़ात, जिल्द 7 ,पृश्ठ 20-21)

अत: ये वह हालत है जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम हम में देखना चाहते हैं और इस हालत के पैदा करने की कोशिश के लिए हम यहां जमा हुए हैं। हम में से हर एक को कोशिश करनी चाहिए और ख़ुदा तआला से दुआ भी करनी चाहिए कि हम इस हालत के हासिल करने वाले बन सकें और जब हम यह हालत पैदा करेंगे और इस के लिए कोशिश करेंगे तो फिर अल्लाह तआला भी हमें याद रखेगा जैसा कि ख़ुद उसने फ़रमाया है कि اُذْكُرُوا اللّٰهَ يَذْكُرْكُمْ अत: कितने ख़ुश-क़िस्मत हैं वे लोग जिनका अल्लाह तआला ज़िक्र करे, उन्हें याद रखे। हमारा मौला हमें सिर्फ इस बात पर इतना नवाज़े कि हम दुनियावी व्यवस्ताओं में अपने मौला को न भूलें और इन दिनों में खासतौर पर इस बात की हमें कोशिश करनी चाहिए कि हम ख़ुदा तआला का हक़ीक़ी ज़िक्र करें और फिर अल्लाह तआला हमें याद रख कर अपने फ़ज़्लों का वारिस बनाए।

अत: जलसा में आने वाले भी और डयूटियाँ देने वाले भी इन दिनों में ज़िक्र इलाही से अपनी ज़बानों को तर रखने की कोशिश करें और ख़ुदा तआला का क़ुरब हासिल करने वाले बनें। इस से बड़ी और क्या बात हमारे लिए होगी कि अल्लाह तआला हमें याद रखे। अत: उस को प्राप्त करने के लिए हमें कोशिश करनी चाहिए और तभी हम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उपदेश के अनुसार आसमान पर आप की जमाअत शुमार होंगे। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ये शब्द हमें फ़िक्र में डालने वाले होने चाहिऐं कि आसमान पर मेरी जमाअत तब गिने जाओगे जब सचमुच तक़्वा की राहों पर क़दम मारोगे। बैअत के बाद हम में से बहुत से लोग हैं जो अपने अज़ीज़ों की तरफ़ से भी धुतकारे गए हैं। आप में से बहुत से यहां इसलिए हिजरत करके आए कि अहमदी होने की वजह से मुख़ालिफ़ीन अहमदियत की दुश्मनी का सामना करना पड़ा। मुल्की क़ानून ने हमारी मज़हबी आज़ादी पर पाबंदियां लगाईं लेकिन इन सब बातों के बावजूद और उन सब तकलीफों के बावजूद जो पाकिस्तान में या कुछ और देशों में अहमदी बर्दाश्त कर रहे हैं या आप में से भी कुछ ने की हैं फिर हम अपने अम्लों की कमी की वजह से हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जमाअत में शुमार ना हों और उन लोगों में और उन ख़ुश-क़िस्मत लोगों में शामिल ना हों जिनका ज़िक्र अल्लाह तआला फ़रमाता है तो ये कितना घाटे का सौदा है। अत: इन दिनों में बहुत दुआएं करें और हमें ये दुआएं करनी चाहिऐं कि हम उन लोगों में शुमार ना हों जिनसे ख़ुदा तआला राज़ी नहीं बल्कि उन लोगों में शामिल हों जिनका ज़िक्र ख़ुदा तआला फ़रमाता है। ख़ुदा तआला से हम दृढ़ सम्बन्ध जोड़ने वाले हों। अपने दिलों के अंधेरों को मिटाने वाले हों। यहां जलसा की कार्रवाई के दौरान भी और वक़्फ़ों में भी और रात को भी अल्लाह तआला के ज़िक्र के साथ यह दुआ मांगें और अह्द करें कि हे ख़ुदा हम नेक नीयत हो कर तेरे मसीह के जारी किए इस जलसा में शामिल हुए जो यक़ीनन तेरे ख़ास समर्थन और आज्ञा से जारी हुआ। इस में तेरी रज़ा के हुसूल और तेरे ज़िक्र में बढ़ने और तेरी मुहब्बत को प्राप्त करने के लिए शामिल हुए हैं। अपनी इन सारी बरकतों से हमें लाभान्वित फ़र्मा जो तूने इस जलसा से जुड़ी रखी हैं और हमारे अंदर वे पाक तबदीलियां पैदा फ़र्मा जो तू चाहता है और जिसको क़ायम करने के लिए तूने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे गुलाम को इस ज़माने में भेजा है ताकि हम उस की बैअत में हक़ीक़ी रंग में शामिल होने वाले बन सकें। अत: जब हम अल्लाह तआला से मदद मांगते हुए और दुरूद तथा इस्तिग़फ़ार करते हुए ये दिन गुज़ारेंगे, अपने दिनों को ख़ालिस अल्लाह तआला के लिए करेंगे तो हमारी इबादतों के स्तर भी बुलंद होंगे और अल्लाह तआला से सम्बन्ध की वजह से हम अल्लाह तआला की मख़लूक़ के हक़ अदा करने वाले भी बनेंगे।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इन जलसों का एक उद्देश्य यह भी बयान फ़रमाया था कि जमाअत के लोगों का आपस का प्यार तथा परिचय बढ़े।(उद्धरित आसमानी फ़ैसला, रुहानी ख़ज़ायन ,जिल्द 4 ,पृष्ठ 352) अत: जहां नए आने वालों से अहमदियत के रिश्ते की वजह से मुहब्बत और परिचय का रिश्ता क़ायम होगा वहां यह भी ज़रूरी है कि पुराने रिश्तों में मज़ीद मुहब्बत पैदा हो अल्लाह तआला उसे बे-इंतिहा नवाज़ता है जो अपने भाई से ख़ुदा तआला की लिए मुहब्बत करता है। अत: इन दिनों को आपस की रंजिशों को दूर करने का माध्यम भी बनाएँ ना यह कि यहां आकर अगर उन लोगों का आमना सामना हो जाए जिनकी आपस में रंजिशें हैं तो यह आपस की रंजिशें ग़ज़ब दिखाना शुरू कर दें और एक दूसरे के ख़िलाफ़ नफ़रतें और द्वेष और अधिक बढ़ जाए और वह जलसा के माहौल को इस वजह से फिर ख़राब करने वाले बन जाएं और बजाय अल्लाह तआला के फ़ज़्लों का वारिस बनने के अल्लाह तआला की लानत और नाराज़गी का कारण बन जाएं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने जलसा सालाना को भी शाइरुल्ला में शामिल फ़रमाया है तो जो लोग शाइरुल्लाह के तक़द्दुस को नुक़्सान पहुंचाते हैं वे अल्लाह तआला के ग़ज़ब के नीचे आते हैं।(उद्धरित इफ़्तिताही तक़रीर जलसा सालाना 1931 ई , अनवारुल उलूम, जिल्द 12, पृष्ठ 389)अत: बड़े ख़ौफ़ का स्थान है। जिनकी नाराज़गियाँ हैं उनको चाहिए कि फ़ौरन एक दूसरे के लिए सुलह का हाथ बढ़ाएं और अब ऐसा माहौल पैदा करें जहां अंकारों के खोलूं में बंद होने के स्थान पर और इस की आग में जलने और हसद की आग में जलने की बजाय सलामती और सुलह का ख़ूबसूरत माहौल पैदा करें। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इस इरशाद को हमेशा अपने सामने रखना चाहिए कि मुस्लमान वह है जिसके हाथ और ज़बान से किसी मुसलमान को तकलीफ़ ना पहुंचे।

(सही अल-बुख़ारी ,किताबुल ईमान, हदीस 10)

हमें जायज़ा लेना चाहिए कि क्या यह इरशाद हमारी हालतों को प्रतिबिम्बित करता है, हमारे कर्म उस के अनुसार हैं? क्या हम दावे से कह सकते हैं कि हम सौ प्रतिशत इस पर अनुकरण करने वाले हैं? अगर यह सच्च है, अगर हर कोई यह कहता है कि यह सच है तो फिर क़ज़ा में हमारा कोई मामला आना ही नहीं चाहिए और मुल्की अदालतों में हुक़ूक़ के हुसूल के लिए मुक़द्दमे जाने ही नहीं चाहिऐ। मुझे बड़े अफ़सोस से यह भी कहना पड़ रहा है कि कुछ लोग यहां जलसा पर आते हैं और ज़रा ज़रा सी बात पर पुराने हसदों और रंजिशों की वजह से जलसा के दिनों में इस माहौल में भी आपस में लड़ पड़ते हैं, लड़ाइयां शुरू हो जाती हैं। कई बार पुलिस को भी बुलाना पड़ता है। क्या यह एक मोमिन की शान है?!क्या हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जमाअत में शामिल होने वालों के यह कर्म हैं? यक़ीनन नहीं। ऐसे लोगों को निज़ाम जमाअत अगर जमाअत से बाहर निकाले या ना निकाले वे अपने कर्म की वजह से अल्लाह तआला की नज़र में जमाअत से बाहर निकल जाते हैं और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के इरशाद के अनुसार वे आसमान पर आप की जमाअत में शामिल नहीं हैं।

अत: अपने जायज़े लें, अन्दर बाहर अलग अलग ना हो। अपने दिलों के मैल ऐसे लोगों को निकालने चाहिऐं और अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने के लिए क्षमा, दरगुज़र और सुलह के तरीक़े धारण करने चाहिए। दुनिया को ये बताएं कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आकर हमारी रुहानी और अख़लाक़ी हालतों में एक इन्क़िलाबी तब्दीली हुई है। इसी तरह ओहदेदार हैं और जलसा की डयूटी देने वाले हैं वे इन दिनों में ख़ास ख़्याल रखें कि उनके अख़लाक़ के स्तर बहुत बुलंद होने चाहि। जिनकी आम दिनों में किसी से कोई रंजिश थी भी तो उन कारकुनों को जलसा के माहौल में उसे सुलह और सफ़ाई में बदलने के लिए पहल करनी चाहिए। ना यह कि बदले लेने की सूरत पैदा करें। जलसा पर आने वाला हर आदमी मेहमान है और हर ओहदेदार और हर काम करने वाले का काम है कि हर किस्म की ज़ाती रंजिशों को दूर कर के उच्च आचरण और मेहमान-नवाज़ी को प्रकट करें। ओहदेदारों की यह ख़ास ज़िम्मेदारी है कि उनमें बर्दाश्त का माद्दा ज़्यादा होना चाहिए। अत: ओहदेदार अपने आपको हर हाल में ख़ादिम समझें और जमाअत के लोग और जलसा में शामिल होने वाले ओहदेदारों

को निज़ाम जमाअत का नुमाइंदा समझें तो तभी खिचाव और लड़ाईयों के माहौल में बेहतरी आ सकती है, आपस की रंजिशें दूर हो सकती हैं।

मुझे यह भी अफ़सोस से कहना पड़ता है कि यहां कुछ जमाअतों के ओहदेदारों ने अपने ओहदों का ख़्याल नहीं रखा। जलसा के माहौल की बात नहीं कर रहा। आम हालात में भी अपनी जमाअतों की जमाअती ज़िम्मेदारियों में और धर्म की ख़िदमत को अल्लाह तआला के फ़ज़ल की बजाय दुनियावी उहदे की तरह समझा है जिसकी वजह से उन्हें तबदील भी करना पड़ा है।

अत: ऐसे लोग अगर यहां जलसा पर आए हैं तो इबादत, ज़िक्र इलाही और विनम्रता में बढ़ने की कोशिश करें। अगर उनके ख़्याल में उनके बारे में ग़लत फ़ैसले भी हुए हैं तब भी विनम्रत राहें धारण करें और आजिज़ाना राहें धारण कर के अल्लाह तआला के आगे झुकें और निज़ाम जमाअत के बारे में दिलों में रंजिशें ना लाएं। अगर ग़लत फ़ैसले हैं तो अल्लाह तआला तो हर चीज़ का इल्म रखने वाला है। वह जानता है, ग़ैब का भी इल्म रखता है , हाज़िर का भी इल्म रखता है। इस के आगे अगर विनम्र हो कर झुका जाए तो वह दुआओं को क़बूल करता है और मुश्किलों से निकालता है। हमेशा याद रखना चाहिए कि असल चीज़ ओहदा नहीं बल्कि असल चीज़ अपने बैअत के हक़ को अदा करना है। चाहे वे ओहदेदार है या जमाअत का आदमी है उसे इस हक़ की अदायगी की कोशिश करनी चाहिए और इस हक़ की अदायगी के बारे में नसीहत करते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि

हे मेरी ! जमाअत ख़ुदा तआला आप लोगों के साथ हो , वह क़ादिर करीम आप लोगों को सफ़र आख़रत के लिए ऐसा तय्यार करे जैसा कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अस्हाब तय्यार किए गए थे। ख़ूब याद रखो कि दुनिया कुछ चीज़ नहीं है। लानती है वह ज़िन्दगी जो केवल दुनिया के लिए है और बदक़िस्मत है वह जिसका तमाम दुख तथा ग़म दुनिया के लिए है। ऐसा इन्सान अगर मेरी जमाअत में है तो वह व्यर्थ तौर पर मेरी जमाअत में अपने आप को दाख़िल करता है क्योंकि वह इस ख़ुशक टहनी की तरह है जो फल नहीं लाएगी।

फ़रमाया "हे सआदत-मंद लोगो !तुम ज़ोर के साथ इस तालीम में दाख़िल हो जो तुम्हारी नजात के लिए मुझे दी गई है। तुम ख़ुदा को वाहिद ला शरीक समझो और इस के साथ किसी चीज़ को शरीक मत करो, ना आसमान में से, ना ज़मीन में से। ख़ुदा अस्बाब के इस्तिमाल से तुम्हें मना नहीं करता। लेकिन जो शख़्स ख़ुदा को छोड़कर अस्बाब पर ही भरोसा करता है वह मुशरिक है। पुरातन से ख़ुदा कहता चला आया है कि पाक-दिल बनने के सिवा नजात नहीं। अत: तुम पाक-दिल बन जाओ और नफ़सानी द्वेषों और गुस्सों से अलग हो जाओ। इन्सान के नफ़स अम्मारा में कई किस्म की गन्दियां होती हैं मगर सबसे ज़्यादा आहंकार की गन्दगी है। अगर तकब्बुर ना होता तो कोई शख़्स काफ़िर ना रहता। अत: तुम दिल के मिस्कीन बन जाओ। आम तौर पर मानव जाति की हमदर्दी करो जबकि तुम उन्हें बहिश्त दिलाने के लिए अपदेश करते हो। अत: यह उपदेश तुम्हारा कब सही हो सकता है अगर तुम इस कुछ दिन दुनिया में उनकी बदख़वाही करो। ख़ुदा तआला के फ़र्ज़ों को दिली ख़ौफ़ से करो कि तुम उनसे पूछे जाओगे। नमाज़ों में बहुत दुआ करो कि ताकि ख़ुदा तुम्हें अपनी तरफ़ खींचे और तुम्हारे दिलों को साफ़ करे। क्योंकि इन्सान कमज़ोर है हर एक बुराई जो दूर होती है वह ख़ुदा तआला की क़ुव्वत से दूर होती है और जब तक इन्सान ख़ुदा से क़ुव्वत ना पाए किसी बुराई के दूर करने पर क़ादिर नहीं हो सकता। इस्लाम सिर्फ यह नहीं है कि रस्म के तौर पर अपने आप को कलमा पढ़ने वाले कहलाओ बल्कि इस्लाम की हक़ीक़त यह है कि तुम्हारी रूहें ख़ुदा तआला के आस्ताना पर गिर जाएं। और ख़ुदा और इस के अहकाम हर एक पहलू के दृष्टि से तुम्हारी दुनिया पर तुम्हें मुक़द्दम हो जाएं।"

(तज़करतुश्शहादतैन, रुहानी ख़ज़ायन, जिल्द 20, पृष्ठ 63)

अत: यह वह स्तर है जिस पर हम में से हर एक को पूरा उतरने की कोशिश करनी चाहिए, ओहदेदारों को भी, काम करने वालों को भी और जमाअत के लोगों को भी। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने हमें , जो आपकी बैअत में शामिल हुए , सौभाग्यवान कहा है। हम ने अल्लाह तआला के फ़ज़ल का मौरिद बनते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जमाअत में शामिल होने को चुना है। आप जो मेरे सामने बैठे हैं उनमें अल्लाह तआला की नज़र में नेकी थी जो यह फ़ज़ल फ़रमाया और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को मानने की तौफ़ीक़ दी। यह सआदत मंदी का सबूत देते हुए आपने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को माना। यह पहला क़दम है ये इंतिहा नहीं है। इस की इंतिहा को प्राप्त करने के लिए इस तालीम पर अनुकरण करना ज़रूरी है जो आपको दी गई है। दुनिया के कारोबारों को और कामों को भी इस सोच के साथ हमें करना होगा जैसा कि पहले ज़िक्र हो चुका है कि अल्लाह तआला के ज़िक्र को कभी ना भूलो। अल्लाह तआला दुनियावी कारोबारों से मना नहीं करता बल्कि ये ज़रूरी है। बल्कि अल्लाह तआला इस बात से रोकता है कि इन्सान संसार से विरक्त बन जाए, दुनिया से कट जाए, ऐसी ज़िन्दगी गुज़ारे जो दुनिया से कटी हुई ज़िन्दगी हो। दुनिया में रहने को अल्लाह तआला फ़रमाता है और अल्लाह तआला ने इस बात से रोका है कि दुनिया को इन्सान धर्म पर मुक़द्दम कर ले। दर्म हर हालत में मुक़द्दम रहना चाहिए। हर अहमदी को हमेशा याद रखना चाहिए कि हर अहमदी के चेहरे के पीछे अहमदियत का चेहरा है, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का चेहरा है, इस्लाम का चेहरा है। अत: हर अहमदी की ज़िम्मेदारी है कि इन चेहरों की हिफ़ाज़त करे और जिन को अल्लाह तआला ने धर्म की ख़िदमत की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाई है और मौक़ा दिया है उनकी ज़्यादा बड़ी ज़िम्मेदारी है कि इस ज़िम्मेदारी को निभाएँ और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के इस उपदेश को हमेशा सामने रखें कि हमारी बैअत का दावा कर के फिर हमें बदनाम ना करें।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात, जिल्द 10, पृष्ठ 137)

अत: इस उपदेश को हमेशा अपने सामने रखना चाहिए। इस से कोई ये ना समझे कि यह सिर्फ़ ओहदेदारों के लिए है और बाक़ी इस से बरी हैं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने हर शख़्स जो आपकी बैअत में शामिल है उसे यह फ़रमाया है, इसलिए हमें अपनी कथनी तथा करनी में कभी अन्तर नहीं रखना चाहिए वर्ना हमारी बैअत के दावे, जैसा कि मैंने पहले भी कहा था ,खोखले दावे हैं और जलसा में शामिल होने सिर्फ़ दुनियादारी है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की एक दुआ इस वक़्त मैं पेश करता हूँ जिससे आप के दर्द का इज़हार होता है जो आप के दिल में अपने मानने वालों के लिए है। आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं:

"मैं दुआ करता हूँ और जब तक मुझ में ज़िन्दगी का दम है किए जाऊँगा और दुआ यही है कि ख़ुदा तआला मेरी इस जमाअत के दिलों को पाक करे और अपनी रहमत का हाथ लंबा कर के उनके दिल अपनी तरफ़ फेर दे और सारी शरारतें और द्वेष उनके दिलों से उठा दे और आपसी सच्ची मुहब्बत प्रदान कर दे और मैं यक़ीन रखता हूँ कि यह दुआ किसी वक़्त क़बूल होगी और ख़ुदा मेरी दुआओं को नष्ट नहीं करेगा अल्लाह तआला से हमें यह दुआ करनी चाहिए कि यह दुआ हमारे हक़ में पूरी हो। हमारी नस्लों के हक़ में पूरी हो और क़यामत तक हमारी नस्लें भी इस दुआ से फ़ैज़ उठाती चली जाएं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की दुआ की क़बूलीयत के लिए हमें व्यावहारिक कोशिश भी करनी होगी। अपनी हालतों को भी कोशिश कर के बदलना होगा और दिल के दर्द से दुआ भी करनी होगी। अल्लाह तआला हमें उस की तौफ़ीक़ भी प्रदान फ़रमाए।

इस दुआ के अगले हिस्से में आपने यह भी दुआ की है जिसके हमारे हक़ में क़बूल ना होने के लिए हमें दुआ करनी चाहिए जिसमें आपने फ़रमाया कि हाँ मैं यह भी दुआ करता हूँ कि अगर कोई शख़्स मेरी जमाअत में ख़ुदा तआला के इल्म और इरादा में चिरस्थायी बदबख़्त है जिसके लिए यह मुक़द्दर ही नहीं कि सच्ची पाकीज़गी और ख़ुदा तआला का भय उस को हासिल हो तो इस को हे क़ादिर ख़ुदा! मेरी तरफ़ से भी फेर दे जैसा कि वह तेरी तरफ़ से फेरा है और इस की जगह कोई और ला जिसका दिल नर्म और जिसकी जान में तेरी तलब हो।

(शहादतुल क़ुरआन, रुहानी ख़ज़ायन, जिल्द 6 ,पृष्ठ 398)

अल्लाह तआला हमें ऐसी हालत से बचाए जिस में हम ख़ुदा तआला और इस के भेजे हुए अलग होने वाले हों। हमारे ईमानों को हमेशा सलामत रखे बल्कि इस में इज़ाफ़ा करता चला जाए और हम इन सारी दुआओं के हासिल करने वाले बनें जो आपने अपने मानने वालों के लिए और उनके हक़ में की हैं।

जलसा के बरकतों और हर किस्म के बुराई से महफ़ूज़ रहने के लिए भी इन दिनों में दुआएं करते रहें और सावधान भी रहें। दाएं बाएं नज़र भी रखें। अल्लाह तआला हर शरारत करने वाले की शरारत, हर हासिद के हसद से हमें बचाता रहे

(अल्फज़ल इंटरनेशनल 31 मई 2019 ई पृष्ठ 5-10)

☆ ☆ ☆

पृष्ठ 2 का शेष

यह मस्जिद एक हाईवे के ऊपर स्थित है जहां दैनिक गुज़रने वाली लगभग 35 हज़ार गाड़ियों के मुसाफ़िर इस मस्जिद को देखते हैं। इस मस्जिद के बाहरी सेहन में एक सौ से अधिक गाड़ियों की पार्किंग भी मौजूद है।

नमाज़ जनाज़ा हाज़िर

मस्जिद बैतुल समद के निरीक्षण के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने मस्जिद के बाहरी सेहन में निम्नलिखित दो औरतों की नमाज़ जनाज़ा हाज़िर पढ़ाई और उनके पीछे रहने वालों से ताज़ियत फ़रमाई:

(1) आदरणीया सिद्दीक़ा समीअ साहिबा आफ़ सेंट्रल वर्जीनिया। उनकी वफ़ात 17 अक्तूबर को हुई। इन्न लिल्लाह वा इन्ना इलैहि राजेऊन। आप तुफ़ैल मलिक साहिब की बेटी थीं जिन्हें हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि अल्लाह के हाथ पर बैअत करने का शरफ़ प्रदान हुआ। मरहूमा की शादी मेजर (रिटायर्ड) अब्दुल समी साहिब मरहूम के साथ हुई जो हज़रत मुंशी इस्माईल साहिब स्यालकोटी रज़ि के पोते थे। मरहूमा ख़िलाफ़त से मुहब्बत करने वाली और नमाज़ों की पाबंद नेक औरत थीं। मरहूमा ने अपने पीछे तीन बेटे और दो बेटियां यादगार छोड़ी हैं।

(2) आदरणीया कौसर पाल साहिबा आफ़ सेंट्रल वर्जीनिया। उनकी वफ़ात 18 अक्तूबर 2018 ई को हुई। आप मंसूर अहमद पाल साहिब मरहूम की पत्नी थीं। पिछले छ: महीने से बीमार थीं। मरहूमा मूसिया थीं और उनका जमाअत से गहरा सम्बन्ध था। आपके बेटे फ़ोज़ान पाल साहिब स्थानीय जमाअत में बतौर जनरल सेक्रेटरी और ज़ईम मजलिस अंसारुल्लाह की सेवा की तौफ़ीक़ पा रहे हैं। आपकी एक बेटी दुर्दाना इक़बाल साहिबा भी हैं।

नमाज़ जनाज़ा की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ मस्जिद में तशरीफ़ ले आए और नमाज़ ज़ुहर तथा असर जमा करके पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ लजना के हाल में तशरीफ़ ले गए जहां औरतों को दर्शन के सौभाग्य प्राप्त हुआ।

इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने मस्जिद के बाहरी सेहन में एक पौधा लगाया। इस के बाद मजलिस आमला जमाअत बाल्टीमोर, मजलिस आमला अंसारुल्लाह और मजलिस आमला ख़ुद्दामुल अहमिदया बाल्टीमोर ने अलग अलग हुज़ूर अनवर के साथ तस्वीरें बनवाने का सौभाग्य पाया।

औरतों की संख्या ज़्यादा होने के कारण पार्किंग क्षेत्र में औरतों के लिए एक मार्की लगाई गई थी। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ दया करते हुए इस मार्की में भी तशरीफ़ ले गए। औरतों ने नारे बुलंद किए और अपने प्यारे आक़ा के दर्शन से फ़ैज़याब हुईं। इस के बाद 3 बजकर 15 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला रिहायशी हिस्सा में तशरीफ़ ले गए।

मस्जिद बैतुल समद का उद्घाटन आयोजन

प्रोग्राम के अनुसार शाम 5 बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह से बाहर तशरीफ़ लाए और Hilton Hotel बाल्टीमोर के लिए रवानगी हुई जहां मस्जिद बैतुल समद के उद्घाटन के बारे में से एक आयोजन का एहतिमाम किया गया था। पुलिस की पाँच गाड़ियों ने क़ाफ़िला को escort किया। पाँच बज कर बीस मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ की होटल लाए।

प्रैस कान्फ्रैंस

प्रोग्राम के अनुसार पाँच बज कर पैंतालीस मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ कान्फ्रैंस रुम में तशरीफ़ लाए, जहां प्रैस कान्फ्रैंस का आयोजन हुआ। इस प्रैस कान्फ्रैंस में (RNS) Religious News Service के तीन पत्रकार और प्रतिनिधि Jack Jenkins, Aysha Khan और Tom Gallagher मौजूद थे। इस के अतिरिक्त Steiner Radio Show के प्रतिनिधि और पत्रकार Marc Steiner भी शामिल थे। (NPR) National Public Radio के पत्रकार और प्रतिनिधि Jerome Socolovsky भी इन में शामिल थे।

*एक पत्रकार ने सवाल किया कि अब अमरीका में मिड्टरम वोट होने जा रहे हैं। आप विभिन्न सियासतदानों से भी मिलते हैं । क्या आपका इन वोटों के बारे में से अपनी जमाअत के लिए या यू एस ए के लिए कोई पैग़ाम है? इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि सियासत के बारे में से कभी भी मैं खोजबीन करने वाला नहीं रहा। लेकिन यूके का शहरी होने के लिहाज़ से मैं अपना वोट कासट करता हूँ। जमाअत के लिए तो यही पैग़ाम है कि हमेशा यह कोशिश करें कि ऐसे लोगों को मुंतख़ब करें जिनमें विनम्रता हो और जो अपने इंतिख़ाबी क्षेत्र में सेवा का भावना रखते हूँ। यह वह पैग़ाम है जो क़ुरआन करीम ने हमें दिया है कि ऐसे लोगों का इंतिख़ाब करो जो बेहतर अंदाज़ में तुम्हारी सेवा कर सकते हैं। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया है कि क़ौम का सरदार क़ौम का ख़ादिम होता है। तो हम तो उसी को मुंतख़ब करने की कोशिश करते हैं जो क़ौम की बेहतर रंग में सेवा कर सकता है या जिसे हम समझते हैं कि वो बेहतर सेवा करेगा।

